भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 789

जिसका उत्तर 08.02.2021 को दिया जाना है

वैशाली-समस्तीपुर-बेगूसराय सड़क की स्थिति

789 श्री राम नाथ ठाकुर:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि समस्तीपुर को जाने वाली वैशाली-बेगूसराय सड़क जो महनार-मोहीउद्दीन नगर से गुजरती है और बछवारा को जोड़ती है और जो गंगा नदी के किनारे घनी आबादी क्षेत्र से गुजरती है, काफी जर्जर स्थिति में होने के कारण इस पर आवागमन में काफी कठिनाई होती है;

(ख) क्या यह भी सच है कि उक्त सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग में शामिल किया जा चुका है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस जर्जर सड़क का कब तक पुनर्निर्माण किया जाएगा?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क): वैशाली से मुजफ्फरपुर (रारा-722), मुजफ्फरपुर से बरौनी (रारा-122) वाया बछवारा,समस्तीपुर जिला और बरौनी से बेगुसराय तक के सड़क खंड अच्छी स्थिति में हैं। हाजीपुर-महनार-मोहीउद्दीन-बछवारा(रारा-122बी) के सड़क खंडों के किनारे कुछ स्थानों पर क्षतिग्रस्त हैं, तथापि सड़क यातायात योग्य स्थिति में हैं।

(ख) और (ग): मंत्रालय ने राजपत्र अधिसूचना सं. का.आ. 886(अ), दिनांकित 18 फरवरी, 2019 के माध्यम से महनार,मोहीउद्दीन को जोड़ते हुए हाजीपुर के निकट रारा-22 के साथ जंक्शन से प्रारंभ होकर बिहार राज्य में बछवारा के निकट रारा-122 के साथ इसके जंक्शन पर समाप्त होने वाले खंड को राष्ट्रीय राजमार्ग 122बी के रूप में घोषित किया है। इस खंड का विकास पीएम पैकेज-2015 के तहत शुरू किया गया है। रारा-122बी का पेव्ड शोल्डर के साथ दो लेन में सुधार के लिए व्यवहार्यता अध्ययन करने और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए परामर्शी सेवाओं के तहत डीपीआर परामर्शदाता नियुक्त किया गया है।

*****